## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.01.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में दो सौ सड़सठ करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और लोकार्पण किया।
- केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत–जी राम जी एक सौ पच्चीस दिन वाले रोजगार की गारंटी देता है।
- रंगत में सांसद बिष्णु पद रे ने सड़क परियोजना के अंतर्गत नई ब्लैक टॉप सड़क का उद्घाटन किया।
- द्वीपसमूह में मकर संक्रांति, माघ बिहु और पोंगल पर सभी सरकारी संस्थानों में कल सार्वजनिक अवकाश रहेगा ।

<><><><><><><>

गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश अगले वर्ष के अंत तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा। उन्होंने गांधीनगर जिले के अपने गृह नगर मानसा में दो सौ सड़सठ करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और लोकार्पण करने के बाद एक जनसभा को संबोधित किया। श्री शाह ने कहा कि सरकार सोमनाथ मंदिर के हजार साल पुराने गौरवशाली इतिहास को प्रदर्शित करने और आत्मसम्मान की इस विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए पूरे साल सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाएगी।

श्री शाह गांधीनगर में गुजरात जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान केंद्र की बीएसएल–4 जैव–नियंत्रण सुविधा के उद्घाटन भी किया।

<><><><><><><>

फसलों का त्यौहार लोहड़ी आज मनाया जा रहा है। द्वीपसमूह में भी यह त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। लोहड़ी मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में मनाई जाती है। यह त्यौहार फसलों के पकने की प्रसन्नता का प्रतीक है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू की देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि ये त्यौहार देश की समृद्ध कृषि परंपराओं का प्रतीक हैं और राष्ट्रीय एकता की भावना दर्शाता है।

<><><><><><><>

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के तालमेल का सबसे अच्छा उदाहरण था। इसमें कार्रवाई करने और जवाब देने की पूरी आज़ादी थी। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन अभी भी जारी है और दुश्मन की किसी भी नापाक हरकत का प्रभावी ढंग से जवाब दिया जाएगा। नई दिल्ली में आज संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद निर्णायक कार्रवाई करने का स्पष्ट फैसला लिया गया था। सेना प्रमुख ने कहा कि सशस्त्र बलों ने नौ में से सात लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया और पाकिस्तान की कार्रवाई का संतुलित जवाब सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

<><><><><><><>

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत जी–राम–जी कानून हर वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को पहले के सौ दिन के स्थान पर एक सौ पच्चीस दिन के वेतन वाली रोज़गार की गारंटी देता है। नई दिल्ली में आज विकसित भारत जी–राम–जी पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि यह योजना बुवाई और कटाई के मौसम के दौरान कृषि मजदूरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कुल साठ दिनों की बिना काम की अवधि भी प्रदान करती है।

<><><><><><><>

बांग्लादेश में फेनी जिले के दागनभुइयां इलाके में रविवार रात को एक हिन्दू युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। उसकी पहचान अट्ठाईस वर्षीय ऑटो रिक्शा चालक समीर कुमार दास उर्फ समीर चंद्र दास के रूप हुई है। हमलावर, घटना के बाद उसका वाहन लेकर मौके से फरार हो गए।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे ने रंगत तहसील के वार्ड नं. 2, पर्णशाला में नई ब्लैकटॉप सड़क का उद्घाटन किया। लगभग सात सौ मीटर लंबी इस सड़क का निर्माण ग्रामीण पंचायत कोष से छियालीस लाख रूपये की लागत से किया गया है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान बाला मुरुगन भी उपस्थित रहे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद के अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी ने केंद्रीय लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जितन राम मांझी से लोक निवास एनेक्स, कार्बाइंस कोव में मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने नए औद्योगिक एस्टेट्स, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, लघु और सूक्ष्म उद्यमों के लिए गैर–व्यावसायिक भूमि पर उद्यम स्थापित करने की अनुमति,

उच्च पानी और बिजली शुल्क, और UT योजना में MSME सहायता जैसी समस्याओं को उठाया। प्रतिनिधिमंडल ने शिप बिल्डिंग और बोट निर्माण के लिए तटवर्ती औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा।

<><><><><><>

विवेकानंद केंद्र जिला परिषद विद्यालय, पोर्ट मोट में स्वामी विवेकानंद की एक सौ तिरसठवीं जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला परिषद के अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में तथा छोलदारी निर्वाचन क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य प्रमिला कुमारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विद्यार्थियों ने देशभक्ति पर आधारित नाट्य प्रस्तुति कर कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

<><><><><><>

प्रथम प्राथमिक विद्यालय सीआरसी स्तरीय वार्षिक एथलेटिक मीट दो हजार पच्चीस–छब्बीस का सफल आयोजन कल नेताजी स्टेडियम, श्री विजयपुरम में किया गया। इस एथलेटिक मीट में नौ सीआरसी/जोन से कुल चार सौ पचास विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें प्रत्येक सीआरसी से पचास छात्र–छात्राएं शामिल थे। कार्यक्रम में शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कम आयु से ही शारीरिक तंदुरुस्ती, अनुशासन और खेल भावना के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><>

अंडमान– निकोबार द्वीप समूह के उपराज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने मकर संक्रांति, माघ बिहू एवं पोंगल पर्व के उपलक्ष्य में कल द्वीपसमूह में प्रशासन के अधीन सभी सरकारी कार्यालयों, स्वायत्त निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा शैक्षणिक संस्थानों में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

<><><><><><>

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण – एनआईए ने बांग्लादेशी अवैध आप्रवासन रैकेट की जांच अपने हाथ में ले ली है। इससे पहले दिल्ली पुलिस की विशेष इकाई इस मामले की जांच कर रही थी। अधिकारियों ने बताया है कि एनआईए ने पिछले सप्ताह औपचारिक रूप से मामले की जिम्मेदारी लेने के बाद नई एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई गृह मंत्रालय के निर्देशों के बाद की गई है और एजेंसी ने जांच शुरू कर दी है। यह मामला प्रारंभ में दिल्ली पुलिस द्वारा राजधानी में अवैध आप्रवासन के खिलाफ चलाए गए व्यापक अभियान के दौरान दर्ज किया गया था।

<><><><><><>

ग्रामीण विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा कल ग्राम पंचायत सुभाषग्राम के सम्मेलन कक्ष में 'स्थानीय शासन को सुदृढ़ बनाना–पंचायती राज संस्थाओं के सिद्धांतों और उद्देश्यों पर निर्वाचित प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निर्वाचित प्रतिनिधियों, विशेषकर ग्राम प्रधानों एवं वार्ड सदस्यों की क्षमता में वृद्धि करना था, ताकि जमीनी स्तर पर पारदर्शी, जवाबदेह एवं सहभागी शासन को सशक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम में आरजीएसए के डोमेन विशेषज्ञ किरण कुमार ने भाग लिया। उन्होंने स्थानीय शासन को मजबूत करने, शासन प्रदर्शन के आकलन हेतु स्थानीय संकेतक ढांचा के प्रभावी उपयोग तथा सेवाओं के बेहतर वितरण के लिए विकासात्मक प्रगति की सतत निगरानी पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। सीडी ब्लॉक डिगलीपुर के खंड विकास अधिकारी एम. राजेंद्र कुमार ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। सामाजिक लेखा परीक्षा, विशेष ग्राम सभा के आयोजन तथा ग्राम पंचायत विकास योजना के निर्माण के व्यावहारिक पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

<><><><><><>

राजकीय पॉलिटेक्निक डिगलीपुर में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में अतिथि व्याख्याता एवं अंशकालिक प्रशिक्षकों की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। यह साक्षात्कार सत्रह जनवरी को राजकीय पॉलिटेक्निक डिगलीपुर में संपन्न होगा। संस्थान प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार, भर्ती से संबंधित आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, साक्षात्कार की समय–सारिणी तथा प्रदर्शन विषयों का विस्तृत विवरण संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट dbrait.andamannicobar.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त दूरभाष संख्या 03192–210955 पर भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

<><><><><><>